दैनिक भास्कर (Dainik Bhaskar)

दिनाँक (Dated): 22/08/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 02	क्रम सं0(Serial No.) 2

जीवन बचाने वाली अच्छी खबर

सीआईएसएफ जवान ने सीपीआर देकर जान बचाई

आईजीआई एयरपोर्ट पर अचानक बेहोश होकर गिर गया था यात्री

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के एक जवान ने अचानक बेहोश होकर गिर पड़े एक यात्री को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) देकर उसकी जान बचाई।

आईजीआई एयरपोर्ट पर 20 अगस्त को सुबह 10:50 बजे एक यात्री अचानक एयरपोर्ट पर बेहोश होकर नीचे गिर गया। यात्री के सीने में तेज दर्द हो रहा था। एंट्री एरिया में तैनात सीआईएसएफ कर्मियों ने जब यात्री को देखा तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें सीपीआर दिया। सीआईएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी/असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल अपूर्व पांडे ने बताया कि तुरंत सीपीआर देने के कारण यात्री की हालत में सुधार के संकेत मिले। होश आने पर यात्री ने अपना नाम रशीद अयूब बताया। वे इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-2747 (दोपहर 1:40 बजे) से दिल्ली से श्रीनगर जाने के लिए एयरपोर्ट आए थे। टर्मिनल-2 मेडिकल रूम में मौजूद मेदांता अस्पताल के डॉक्टर भी मौके पर पहुंचे और यात्री को मेदांता मेडिकेशन रूम में ले गए और शुरुआती इलाज दिया।